बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-519
**16/10/2021**

# मुख्यमंत्री ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

निर्देश :–

- दीपावली एवं छठ महापर्व में देश के अन्य राज्यों में रह रहे बिहार के लोग बड़ी संख्या में यहां आते हैं, उनकी कोरोना जांच करायें। अगर उनका अभी तक टीकाकरण नहीं हुआ है तो टीकाकरण भी अवश्य करायें।
- अन्य राज्यों में बिहार के रह रहे लोगों को प्रचार–प्रसार के माध्यम से यह जानकारी दें कि अगर उन्होंने अपना टीकाकरण एवं आर0टी0पी0सी0आर0 जॉच करा लिया है तो उसका प्रमाण पत्र साथ रखें।
- राज्य में बचे हुए लोगों का टीकाकरण तेजी से करायें।
- आधार कार्ड नहीं रहने के कारण जिनका वैक्सीनेशन नहीं हो पाया है, उनका किसी दूसरे पहचान पत्र के आधार पर टीकाकरण करायें और उनका आधार कार्ड भी अवश्य बनवायें।
- रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं इंटर स्टेट बॉर्डर चेक प्वाइंट पर बाहर से आने वालों पर विशेष नजर रखें। इन जगहों पर भी कोरोना जांच की व्यवस्था रखें।
- माइकिंग के माध्यम से प्रचार–प्रसार कर लोगों को कोरोना संक्रमण के प्रति सचेत एवं जागरुक करते रहें।

पटना, 16 अक्टूबर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कोरोना के साथ–साथ अन्य बीमारियों को लेकर विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने राज्य में कोरोना संक्रमण की स्थिति, कोरोना जांच एवं वैक्सीनेशन के साथ ही ब्लैक फंगस, टी0बी0 सहित अन्य बीमारियों के संबंध में जानकारी दी। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि छठ महापर्व के पूर्व कोरोना

वैक्सीनेशन अभियान और तेज किया जायेगा और कोरोना जांच की संख्या और बढ़ाई जायेगी। 18, 19 और 20 अक्टूबर को कोरोना वैक्सीन के दूसरे डोज को लेकर डोर–टू–डोर अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान लोगों को कोरोना वैक्सीन का दूसरा डोज लेने के लिए भी प्रेरित किया जायेगा। उन्होंने डब्लू0एच0ओ0 द्वारा मोतिहारी जिले के वैक्सीनेशन को लेकर किये गये सर्वे की भी जानकारी दी। डब्लू0एच0ओ0 के सर्वे में जानकारी दी गई है कि मोतिहारी जिले में 96 प्रतिशत लोगों का वैक्सीनेशन हो चुका है।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बचे हुए लोगों का टीकाकरण तेजी से करायें। आधार कार्ड नहीं रहने के कारण जिनका वैक्सीनेशन नहीं हो पाया है, उनका किसी दूसरे पहचान पत्र के आधार पर टीकाकरण करायें और उनका आधार कार्ड भी अवश्य बनवायें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली एवं छठ महापर्व में देश के अन्य राज्यों में रह रहे बिहार के लोग बड़ी संख्या में यहां आते हैं, उन सबका कोरोना जांच करायें। अगर उनका अभी तक टीकाकरण नहीं हुआ है तो उनका टीकाकरण भी अवश्य करायें। अन्य राज्यों में बिहार के रह रहे लोगों को प्रचार–प्रसार के माध्यम से यह जानकारी दें कि अगर उन्होंने अपना टीकाकरण एवं आर0टी0पी0सी0आर0 जॉच करा लिया है तो उसका प्रमाण पत्र साथ रखें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं इंटर स्टेट बॉर्डर चेक प्वाइंट पर बाहर से आने वालों पर विशेष नजर रखें। इन जगहों पर भी कोरोना जांच की व्यवस्था रखें। नेपाल से सटे राज्य के सीमावर्ती जिलों में भी कोरोना संक्रमण को लेकर विशेष सतर्कता बरतें। टीकाकरण के साथ–साथ कोरोना जांच भी महत्वपूर्ण है। कोरोना जांच की संख्या और बढ़ायें। बाहर से आने वाले जो लोग अगर कोरोना पॉजिटिव पाये जाते हैं तो उनका आर0टी0पी0सी0आर0 जांच कर यह कन्फर्म हो लें कि वे कोरोना पॉजिटिव हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि माइकिंग के माध्यम से प्रचार–प्रसार कर लोगों को कोरोना संक्रमण के प्रति सचेत एवं जागरुक करते रहें।

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डे, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री त्रिपुरारी शरण, विकास आयुक्त श्री आमिर सुबहानी, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक श्री संजय कुमार सिंह, राज्य स्वास्थ्य समिति के अपर कार्यपालक निदेशक श्री अनिमेश परासर एवं मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

******